बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

# पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी

{Phone- 0612-2217758, Email- patnazoobihar@gmail.com}

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं० 05/PZMDS/2026–27

1. विभाग का नाम : पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार।
2. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : 04.07.2026 को 2:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा की प्री–बीड मींटिंग : दिनांक 27.06.2026 को अपराह्न 03:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 04.07.2026 को 2:00 बजे अपराह्न तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 04.07.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी में पड़े स्क्रैप, अनुपयोगी लोहा, टूटे पड़े फाईबर एवं प्लास्टिक की सामग्री, टूटे हुए फर्नीचर तथा अन्य अनुपयोगी सामग्री का क्रय | रू० 5,000/– (पाँच हजार) | रू० 200/– (दो सौ ) प्रति। | रू० 26.75/– (छब्बीस रूपये पच्चहत्तर पैसे) |

निविदा के नियमों, शर्तों एवं विशेष जानकारी के लिये सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के कार्यालय से कार्यावधि में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा वेबसाईट **https://state.bihar.gov.in/forest** पर देखा जा सकता हैं।

19/06/2026

निदेशक, पटना जू–सह–सचिव,
पटना जू प्रबंधन एवं विकास
सोसाइटी।

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

# पटना प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी

{Phone- 0612-2217758, Email- patnazoobihar@gmail.com}

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं० 05/PZMDS/2026-27

## पटना जू में पड़े स्क्रैप, अनुपयोगी लोहा, टूटे पड़े फाईबर एवं प्लास्टिक की सामग्री, टूटे हुए फर्नीचर तथा अन्य अनुपयोगी सामग्री का क्रय हेतु निविदा शर्तें।

1. पटना जू के परिसर में यत्र–तत्र पड़े स्क्रैप, अनुपयोगी लोहा, टूटे पड़े फाईबर एवं प्लास्टिक की सामग्री, टूटे हुए फर्नीचर तथा अन्य अनुपयोगी सामग्री के क्रय के लिए विहित प्रपत्र में दिनांक 04.07.2026 को 2:00 बजे अपराह्न तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

2. निविदा का प्रपत्र एवं शर्तों की प्रति निदेशक, पटना जू कार्यालय से रूपये 200/–(दो सौ) प्रति की दर से कार्यावधि में प्राप्त किया जा सकता है।

3. निविदादाता 'तकनीकी निविदा' (प्रपत्र 'क') तथा 'वित्तीय निविदा' (प्रपत्र 'ख') दो अलग–अलग लिफाफों में डालकर एवं सीलबंद कर दोनों लिफाफों को एक अलग लिफाफे में डालकर सीलबंद करेंगे। तकनीकी निविदा के लिफाफे पर 'तकनीकी निविदा' तथा उसपर अपना नाम एवं पता अंकित करेंगे। उसी प्रकार 'वित्तीय निविदा' के लिफाफे पर 'वित्तीय निविदा' लिखकर अपना नाम एवं पता अंकित करेंगे। मुख्य लिफाफा जिसके अन्दर 'तकनीकी निविदा' तथा 'वित्तीय निविदा' के दोनों लिफाफे रहेंगे उसपर **"स्क्रैप तथा अनुपयोगी पड़े लोहा एवं अन्य सामग्री के क्रय के लिए निविदा"** अंकित कर अपना नाम, पत्राचार का पता एवं मोबाईल नम्बर अंकित करेंगे।

4. निविदा का प्री–बिड मीटिंग दिनांक 27.06.2026 को 3.00 बजे अपराह्न से 4:00 बजे अपराह्न में किया जाएगा।

5. निविदादाता निविदा के पूर्व चिन्हित् स्थलों पर पड़े स्क्रैप को देख लेंगे। निविदा समर्पण की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि निविदाकर्ता के द्वारा स्थल भ्रमण कर पूरी जानकारी प्राप्त कर ली गयी है।

6. प्राप्त निविदायें दिनांक 04.07.2026 को 03:00 बजे अपराह्न में निविदाकर्त्ताओं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पटना जू स्थित पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय यदि कोई निविदाकर्त्ता/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होते हैं, तब भी निविदा मान्य समझा जायेगा।

7. निविदादाता अपनी निविदा के साथ रूपये 5,000/– (पाँच हजार) की सत्यंकार राशि जमा करेंगे। यह सत्यंकार राशि राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के पदनाम में होना चाहिये। सत्यंकार राशि के बगैर निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी।

सफल निविदादाता के द्वारा जमा यह सत्यंकार राशि, जमानत राशि के रूप में रख ली जाएगी जो सफल निविदा समाप्ति पर लौटाई जाएगी। निविदा के अन्तिम निर्णय होने के दो सप्ताह के बाद असफल निविदादाता सत्यंकार राशि वापस ले सकते हैं।

8. निविदादाता अपनी तकनीकी निविदा के प्रपत्र 'क' के साथ अग्रधन की राशि का डिमांड ड्राफ्ट, पता और पहचान हेतु आधार कार्ड की छायाप्रति तथा राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हस्ताक्षर का नमूना संलग्न करेंगे।

9. निविदादाता के द्वारा "सभी शर्तों एवं नियमों को पढ़ा/पढ़वाया एवं सहमति" की संपुष्टि के रूप में अपनी तकनीकी निविदा के प्रपत्र 'क' के साथ निविदा शर्त की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करेंगे।

10. निविदादाता अपनी वित्तीय निविदा के प्रपत्र 'ख' में सामग्री क्रय के लिए अंक एवं अक्षरों में प्रति किलोग्राम सामग्री का दर अंकित करेंगे। अंक एवं अक्षर में अंकित दर में अंतर पाया जाता है तो अक्षर में लिखा हुआ दर मान्य होगा।

11. अधिकतम दर अर्पित करने वाले निविदाकर्ता (एच–1) को सफल निविदादाता घोषित किया जाएगा।

12. यदि दो या अधिक निविदादाता के द्वारा एक ही दर अर्पित किया जाता है, तो निविदा का निर्णय पर्ची निकाल कर किया जाएगा।

13. सशर्त निविदा को असफल घोषित किया जाएगा।

14. सफल निविदादाता को निविदा की स्वीकृति की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर रू० **1000/– (एक हजार रूपये)** के नन्–जूडिसियल स्टाम्प पेपर के साथ सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के कार्यालय में उपस्थित होकर एकरारनामा (एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर करना होगा।

15. सफल निविदादाता को सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के द्वारा निर्धारित जगह से सभी स्क्रैप, अनुपयोगी लोहा, टूटे पड़े फाईबर एवं प्लास्टिक की सामग्री, टूटे हुए फर्नीचर तथा अन्य अनुपयोगी सामग्री को एकरारनामा के 15 दिनों के अन्दर हटायेंगे।

16. सफल निविदादाता संबंधित स्क्रैप, अनुपयोगी लोहा, टूटे पड़े फाईबर एवं प्लास्टिक की सामग्री, टूटे हुए फर्नीचर तथा अन्य अनुपयोगी सामग्री को सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के द्वारा नामित पदाधिकारी एवं कर्मी के उपस्थिति में हटायेंगे।

17. स्क्रैप, अनुपयोगी पड़े लोहा एवं अन्य सामग्री इत्यादि का वजन उद्यान प्रशासन के द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। वजन के उपरान्त सामग्री की क्रय राशि सफल निविदादाता को तुरंत जमा करनी होगी। तदोपरान्त उन्हें क्रय सामग्री ले जाने की अनुमति दी जाएगी।

18. सफल निविदादाता द्वारा अर्पित दर एक वर्ष के लिए मान्य होगा और भविष्य में निकलने वाले स्क्रैप एवं अनुपयोगी पड़े लोहा इत्यादि के लिए उन्हें बुलाया जा सकता है।

19. यदि सफल निविदादाता वज़न किये गये सामग्री की पूर्ण राशि तुरंत जमा नहीं करते हैं या किसी शर्त का उल्लंघन करते हैं अथवा एकरारनामा पर हस्ताक्षर करने में विफल रहते हैं तो उनके द्वारा जमा अग्रधन/जमानत की राशि राज्यसात कर ली जाएगी।

20. सामग्री का उठाव एवं निकासी सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के आदेश एवं शर्त्तों पर समय–समय पर करनी होगी।

21. सफल निविदादाता को उद्यान के नियमों का पालन करना होगा और उसके उल्लंघन के लिये निविदाकर्त्ता दंड के भागी होंगे। प्रत्येक दोष के लिए दण्ड की राशि न्यूनतम रू० 1000/– (एक हजार रूपये) होगी। सफल निविदादाता की जमानत राशि राज्यसात की जा सकती है एवं उन्हें कृष्णचिन्हित् किया जा सकता है।

22. निविदा प्रपत्र में निविदादाता इस बात को प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/पढ़वाया और समझा है तथा निविदा के सभी शर्तो को स्वीकार करते हैं।

23. सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी या सभी निविदा को अस्वीकृत कर दें।

24. किसी भी विवाद के निपटारा का न्याय क्षेत्र पटना होगा।

19/06/2024

सचिव,
पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी।

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

# पटना प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी

{Phone- 0612-2217758, Email- patnazoobihar@gmail.com}

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं० 05/PZMDS/2026.27

**पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी में पड़े स्क्रैप, अनुपयोगी लोहा, टूटे पड़े फाईबर एवं प्लास्टिक की सामग्री, टूटे हुए फर्नीचर तथा अन्य अनुपयोगी सामग्री के क्रय हेतु निविदा का तकनीकी बिड।**

### प्रपत्र 'क' (तकनीकी बिड)

| क्रमांक | तकनीकी सूचना | निविदादाता द्वारा समर्पित सूचना | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदादाता द्वारा क्रय किए गए निविदा परिमाण मूल्य से संबंधित मनी रसीद की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की स्थिति में निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में निर्गत रू० 200/– का राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट। | | |
| 2 | सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी, के पदनाम में निर्गत रू० 5,000/– (रूपये पाँच हजार) के अग्रधन राशि (सत्यंकार राशि) का राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट। | | |
| 3 | निविदा प्रपत्र, निविदा की शर्तों की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। | | |
| 4 | पता और पहचान हेतु आधार कार्ड की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। | | |
| 5 | राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हस्ताक्षर (मूलरूप में)। | | |
| 6 | आयकर निबंधन की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। | | |
| 7 | जी०एस०टी० निबंधन की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। | | |

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

निविदाकर्त्ता का नामः–

पूरा पताः–

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

# पटना प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी

{Phone- 0612-2217758, Email- patnazoobihar@gmail.com}

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं० 05/PZMDS/2026.27

## पटना जू में पड़े स्क्रैप, अनुपयोगी लोहा, टूटे पड़े फाईबर एवं प्लास्टिक की सामग्री, टूटे हुए फर्नीचर तथा अन्य अनुपयोगी सामग्री के क्रय हेतु निविदा का वित्तीय बिड।

### निविदा प्रपत्र–ख (वित्तीय बिड)

पटना जू में पड़े स्क्रैप एवं अनुपयोगी पड़े लोहा, टूटे हुए फर्नीचर तथा अन्य अनुपयोगी सामग्री के क्रय के लिए रूपये ..............................(रूपये ..............................................................................................) प्रति किलोग्राम की दर से अपना दर समर्पित कर रहा हूँ।

2. मैंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/पढ़वाया एवं समझा है तथा मैं सभी शर्तों को स्वीकार करता हूँ।

3. यदि मेरी निविदा स्वीकृत होती है तो मैं निविदा शर्त के अनुसार जमानत की राशि जमा करूंगा एवं एकरारनामा पर हस्ताक्षर करूँगा एवं वजन किये गये सामग्री की पूर्ण राशि मैं तुरंत जमा कर दूँगा। यदि वजन किये गये सामग्रियों की कीमत तुरत जमा करने में विफल रहूँगा तो निविदा शर्त के अनुसार मेरे विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

4. मेरे द्वारा उपर लिखित पते पर जो भी पत्राचार किया जायेगा वह मुझे स्वीकार्य होगा।

निविदादाता का हस्ताक्षर

निविदादाता का नामः–

पूरा पता एवं मोबाईल नं०:–